कार्यालय क्रीड़ा मण्डल
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा
E-mail: ggtusports@gmail.com Mobile No. 9216784951

अंतर महाविद्यालयी खेल प्रतियोगिता 2024-25 महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

1. आयोजक महाविद्यालय विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के सभी महाविद्यालयों को आमंत्रण सूचना भिजवाएगा जिसमें आयोजन से जुड़ी आवश्यक जानकारियों सहित प्राचार्य व खेल प्रभारी का सम्पर्क सूत्र एवं ई-मेल आईडी अनिवार्यतः अंकित हो।
2. प्रत्येक टीम को एलीजिबिलिटी प्रारूप के साथ प्रत्येक खिलाड़ी की 10वी, 12वी, स्नातक/ स्नातकोत्तर की अंकतालिका, आधार कार्ड व पहचान पत्र की संस्था प्रधान से सत्यापित प्रतिलिपि जमा करवाना आवश्यक होगा एवं प्रवेश शुल्क रसीद की मूल प्रति प्रतियोगिता स्थल पर ले जाना अनिवार्य रहेगा।
3. फोटो पहचान पत्र प्रारूप में विद्यार्थी के माता, पिता के नाम, जन्म तिथि एवं 12वीं उतीर्ण वर्ष, विद्यार्थी का मोबाईल नम्बर सहित सभी प्रविष्टियों को अंकित करना होगा। उक्त फोटो पहचान पत्र के आधार पर एलिजिबिलिटी प्रोफॉर्मा प्रतिभागी महाविद्यालय द्वारा तैयार किया जाएगा।
4. प्रतिभागी टीमों को आयोजक महाविद्यालय द्वारा प्रतियोगिता की सूचना/निमंत्रण की प्रतीक्षा किए बिना **e-Mail** द्वारा टीम की प्रविष्टि करा प्रतियोगिता से एक दिन पूर्व टीम के मैनेजर/प्रशिक्षक के साथ आयोजन स्थल पर उपस्थिति देनी होगी।
5. प्रत्येक प्रतियोगिता के आयोजन की तिथि से एक दिन पूर्व टीम मैनेजर्स/प्रशिक्षकों की उपस्थिति में प्रतियोगिता का ड्रॉ निकाला जाएगा। बिना टीम मैनेजर अथवा प्रशिक्षक के टीम को प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने दिया जाएगा।
6. अन्तर महाविद्यालय/विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रत्येक पूर्णकालिक नियमित/प्रामाणिक छात्र/छात्रा के लिए निम्नलिखित पात्रता मापदंड रहेंगे।
   i. प्रतियोगिता में न्यूनतम 17 वर्ष एवं अधिकतम 25 वर्ष तक की आयु वाले विद्यार्थी ही भाग ले सकेंगे।
   ii. विद्यार्थी की न्यूनतम 17 वर्ष की आयु की गणना सम्बधित प्रतियोगिता प्रारंभ होने की दिनांक से एवं अधिकतम 25 वर्ष आयु की गणना सम्बधित शैक्षणिक सत्र की प्रथम जुलाई से की जावेगी।
   iii. अस्थाई /अंशकालीन / पूरक परीक्षा के योग्य छात्र/छात्राओं के रूप में प्रवेशित खिलाडी प्रतियोगिता में भाग लेने के योग्य नहीं होंगे।
   iv. स्नातक पाठयक्रम में अध्ययनरत होने की स्थिति में अधिकतम 05 एवं स्नातकोतर पाठ्यक्रम में अध्ययन की स्थिति में 03 कुल 08 अवसरों की सीमा तक ही खेल प्रतियोगिता में भागीदारी की जा सकेगी।